जालोर में सुरक्षा व्यवस्थाओं की तैयारी पर चर्चा

जालोर, (साबीर)। देश में वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए जिला कलैक्टर प्रदीप के गांवडे ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ संभावित हमले की स्थिति से निपटने के लिए तैयारियों के लिए बैठक ली।

जिला कलैक्टर ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में जीवन रक्षक दवाईंयों, ब्लड की उपलब्धता, 108 एम्बुलेंस की सूचारू व्यवस्था सहित अन्य चिकित्सा व्यवस्थाऐं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होनें आवश्यकता पड़ने पर टेम्परेरी अस्पताल एवं लोगों के रहने के लिए शेल्टर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होनें रसद विभाग के अधिकारियों को कहा कि वे जिले के नागरिकों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद्य सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करें तथा इस बात का भी ध्यान रखा जाए की खाद्य सामग्री का अनावश्यक रूप से भंडारण नहीं किया जाए। उन्होनें जिले में सूचारू पेयजल व्यवस्था एवं आपात काल की स्थिति में वैकल्पिक पेयजल व्यवस्था यथा टेंकर आदि के माध्यम से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने एवं अग्निशमन सेवाओं को हर समय एक्टिव मोड पर रखने के निर्देश दिए। बैठक में जिला कलैक्टर ने जिले के समस्त स्कूलों में हवाई हमले से बचने के लिए स्कूली विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया तथा साथ ही आमजन से प्रशासनिक निर्देशों के पालन करने एवं सहयोग करने की अपील की।

कलैक्टर ने सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरों के प्रचार-प्रसार पर रोक लगाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होनें सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट एवं भ्रामक सामग्री अपलोड करने वालों के खिलाफ उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होनें जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में संभावित हमले से बचाव के लिए आवश्यक उपाय सुनिश्चित करने के लिए दिशा निर्देश दिए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद्र यादव, अतिरिक्त जिला कलक्टर नंद किशोर राजोरा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम गोदारा, जालोर उपखण्ड अधिकारी मनोज, सीएमएचओ भैराराम जाणी, होमगार्ड कमांडेंट वी.एस. राठौड़ सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

जालोर के कलैक्ट्रैट सभागार में जिला कलैक्टर डॉ.प्रदीप के .गावंडे ने संभावित हमले की तैयारियों की समीक्षा को लेकर जिला अधिकारियों की बैठक ली। फोटो-राष्ट्रदूत

युवक पर दो जनों ने हमला किया

पाली, (नि.सं.)। पाली के बांगड़ हॉस्पिटल में एक युवक को उपचार के लिए भर्ती करवाया गया। जिसकी आंखों में मिर्ची पाउडर डालकर दो युवकों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया।

पाली के बांगड़ हॉस्पिटल के सर्जिकल वार्ड में भर्ती सिरोही जिले के पिंडवाड़ा क्षेत्र के नादिया गांव निवासी 20 साल के रमेश पुत्र खंगाराम गरासिया ने बताया कि वह गुरुवार को उसके गांव के पास स्थित अरसाना मेले में घूमने गया था। वहां उसके गांव के पास के ही दो युवक आए और अचानक उसके चेहरे पर मिर्ची पाउडर फेंका जिससे उसे दिखना बंद हो गया। दोनों युवकों ने उस पर चाकू से कई वार किए। जिससे उसकी पीठ में पांच-छह जगह चाकू के घाव हो गए। घटना के बाद दोनों आरोपी फरार हो गए। परिजन उसे इलाज के लिए पिंडवाड़ा और फिर पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लेकर पहुंचे।

युवक ने बताया कि मैं मजदूरी करता हूं। हमला करने वाले दोनों युवकों को जानता हूं। नशे में उन्होंने एक बार गाली-गलौच की थी। इसलिए उनसे कहासुनी हुई थी। गुरुवार को मेले में अकेला देख दोनों ने चाकू से हमला कर दिया। घटना को लेकर सिरोही जिले की संबंधित थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

नशा मुक्ति का प्रस्ताव लिया

जालोर में रावणा राजूपत महासभा की बैठक अध्यक्ष राजूसिंह राजपुरा की अध्यक्षता में हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। जिला रावणा राजपूत महासभा जालौर के तत्वावाधन में समाज की बैठक शुक्रवार को जिला अध्यक्ष राजू सिंह राजपुरा की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

जिसमें समाज के सामाजिक कार्यक्रम में नशीले पदार्थ, अफीम, डोडा पोस्ट इत्यादि की मनवार व सेवन किए जाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाएं जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में नशा मुक्ति समाज के लिए पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव द्वारा चलाए गए अभियान का स्वागत किया गया। राजपुरा ने बताया कि किसी व्यक्ति द्वारा शादी समारोह अन्य सामाजिक कार्यक्रम के दौरान नशे की मनवार करने पर तत्काल पुलिस प्रशासन को सूचना दी जाएगी।

उन्होंने सभी समाज बंधुओ से अपील की है कि समाज के निर्माण में नशा मुक्त अभियान मे सहयोग करें।

मृदा एवं जल संरक्षण में वन की भूमिका पर चर्चा की

शुष्क वन अनुसंधान संस्थान जोधपुर में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

जोधपुर,(का.सं.)। भा.वा.अ.शि.प.-शुष्क वन अनुसंधान संस्थान जोधपुर में वन,पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा वित्तपोषितमृदा एवं जल संरक्षण में वन की भूमिकाविषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज सम्पन्न हुआ।

आफरी निदेशक डॉ. तरुण कान्त ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की महत्ता बताते हुए कहा कि विविध समूहों के एकीकृत प्रयासों से ही मृदा एवं जल संरक्षण के उदेश्यों की प्राप्ति संभव है एवं डॉ. कान्त ने प्रतिभागियो के द्वारा पूछे हुए प्रश्नों के उत्तर भी दिए साथ ही आशा जतायी कि उक्त प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी प्रतिभागियो के कार्यक्षेत्र में उपयोगी साबित होगी।

प्रशिक्षण के अंतिम दिन आफरी के वैज्ञानिक शरद कोठारी द्वारा वन-मृदा-जल अंतर्संबंध की समझ : आधार एवं कार्यप्रणालियाँ तथा डॉ अदिति टेलर द्वारा संकट की परिस्थितियों में मृदा एवं नमी संरक्षण हेतु पादप कार्यिकी विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किये गए। प्रशिक्षणार्थियों ने अपने फीडबैक में प्रशिक्षण कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञों दिए गए व्याख्यान, राव जोधा डेजर्ट पार्क का प्रकृति दौरा,लुणावास अवक्रमित पहाड़ी क्षेत्र में राजस्थान की विलुप्त होती प्रजातियों का पौधारोपण एवं उनका वैज्ञानिक प्रबंधन, आफरी के निर्वचन केंद्र, मातृ-वन एवं मॉडल नर्सरी के भ्रमण व प्राप्त जानकारी को बहुत ज्ञानवर्द्धक बताया।

साथ ही विश्वास व्यक्त किया कि यह प्रशिक्षण उनके लिए बहुत उपयोगी साबित होगा।

आफरी द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। कार्यक्रम का संचालन डॉ अदिति टेलरएवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ संगीता सिंह, समूह समन्वक (शोध) ने किया।

प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण

पाली, (नि.सं.)। आपदा प्रबंधन के लिए चिकित्सा विभाग की ओर से शुक्रवार को पाली शहर सहित जिले के कई स्थानों पर स्वयंसेवकों को प्राथमिक चिकित्सा सुविधा के संबंध में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सीएमएचओ डॉ विकास मारवाल ने बताया कि वर्तमान परिस्थितियों में विभिन्न प्रकार की आपदाओं की संभावना को देखते हुए जिला कलेक्टर एलएन मंत्री के निर्देश पर जिले में स्वयंसेवकों, जैसे स्काउट गाइड, सिविल डिफेंस एवं पुलिस कर्मियों के लिए प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। जिला कलेक्टर पाली द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में चिकित्सा विभाग द्वारा शुक्रवार को पाली जिला मुख्यालय बांगड़ अस्पताल के ऑडिटोरियम में होमगार्ड, स्काउट गाइड एनएसएस, एनसीसी एवं सिविल डिफेंस में कार्यरत लोगों को आपातकालीन स्थिति में प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध करवाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां पर सभागार में प्रशिक्षक के रूप में एएनएम प्रशिक्षण केंद्र के प्रधानाचार्य केसी सैनी ने स्वयं सेवकों को बताया कि वर्तमान समय में युद्ध की स्थिति में घायलों को प्रभावित चिकित्सा सुविधा आसानी से एवं समय पर सुलभ हो सके। इस बारे मे विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा कर जानकारी प्रदान की। आपातकाल की स्थितियों के दौरान दी जाने वाली प्राथमिक चिकित्सा के बारे में बताया।

अंतरराष्ट्रीय नर्सेज सप्ताह के अन्तर्गत रक्तदान किया

जालोर के राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय नर्सिंग सप्ताह के तहत रक्तदान शिविर लगाया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)।राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय जालोर एवं रोटरैक्ट क्लब जालोर युवा के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग सप्ताह अवसर पर वर्तमान युद्ध जैसी आपातकालीन परिस्थिति के मध्येनजर भारतीय सेना के लिए और आमजन के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

जिसमें रोटरेक्ट सदस्य व नर्सिंग विद्यार्थियों के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ।शिविर के दौरान कुल 28 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।जिसमें 90 प्रतिशत प्रशिक्षणार्थी रक्तदाताओं की उम्र 18 वर्ष थी। उन्होंने अपने जीवन में पहली बार रक्तदान किया । जिसकी खुशी उनके चेहरे पर साफ झलक रही थी।इस दौरान राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि क्लब के मानव उपयोगी कार्यक्रम के तहत ब्लड बैंक सामान्य चिकित्सालय जालोर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।रक्तदान से हृदयघात की संभावना कम होती है।साल में एक बार रक्तदान करने से शरीर स्वस्थ व ऊर्जावान रहता है।फ्लोरेंस नाइटेंगल का जीवन सदैव मानव सेवा को समर्पित रहा है।उसी परम्परा को निभाते हुए नर्सिंग महाविद्यालय रोटरैक्ट क्लब के साथ मिलकर ये विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है ।सामान्य चिकित्सालय जालोर के समस्त ब्लड बैंक के स्टाफ को धन्यवाद ज्ञापित किया गया । रक्तदान शिविर में कार्यवाहक प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. कमलेश मीणा ने समस्त रक्तदाताओं और प्रशिक्षणार्थियों को प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान कर प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सामान्य रोगियों के परिजन तो रिप्लेसमेंटे के रूप में ब्लड देकर भी अपने रोगी को रक्त की आवश्यकता की पूर्ति कर सकते हैं । लेकिन आपात परिस्थितियों में आये रोगियों, क्षेत्र में बडी संख्या में कैंसर रोगी और नियमित डायलिसिस की आवश्यकता वाले रोगियों को नियमित रूप से ब्लड चढाने की आवश्यकता पडती है। ऐसे असाध्य रोगियों की आवश्यकता पूर्ति करने में इस तरह के रक्तदान शिविरों से बहुत सहायता मिलती है।

रोटरैक्ट क्लब से अध्यक्ष चेतना श्रीमाली,डॉ.नवीन समेत नर्सिंग महाविद्यालय से कॉलेज प्राचार्य डॉ.पवन ओझा,नर्सिंग फैकल्टी मोहन सिंह गुर्जर,यशवंत पुंसल,सुरेश गर्ग, डिंपल गर्ग ,भूपेन्द्र कुमार एवं ब्लड बैंक स्टॉफ राजेश शर्मा, लक्ष्मण गर्ग ,किशन कुमार, सुरेश सहित कई प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

अधिकतर प्रशिक्षणार्थियों ने पहली बार रक्तदान किया।

आहोर तालाब का होगा सौन्दर्यकरण

आहोर, (निसं)। शहर में पिछले लंबे समय से तालाब के सौंदर्यकरण की की जा रही मांग अब कहीं जाकर पूरी होने का समय आ गया है।

विधायक छगनसिंह राजपुरोहित के मुख्य आतिथ्य में शुक्रवार को तालाब के जिर्णोद्धार व सौंदर्यकरण कार्य का शिलान्यास किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार तालाब के जिर्णोद्धार एवं सौंदर्यकरण के लिए जल संरक्षण अमृत 2.00 केंद्र परिवर्तित योजनान्तर्गत 3.34 करोड रुपए की राशि स्वीकृत की है। आहोर नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी राकेश दवे ने बताया कि यह नगरपालिका ने इस कार्य के लिए केंद्र सरकार से तकरीबन 30 करोड रुपए राशि की मांग की थी। केंद्र सरकार ने शुरूआती तौर पर 3.34 करोड रुपए की राशि स्वीकृत की है। उन्होंने बताया कि इस काम के लिए क्षैत्रीय सांसद लूंबाराम चौधरी एवं विधायक छगनसिंह राजपुरोहित का अथक प्रयास रहा है।

शिलान्यास समारोह में पंचायत समिति सदस्य बंशी सिंह चौहान, नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन सुजाराम प्रजापत, उपखंड अधिकारी सांवरमल रैगर, पूर्व जिलाध्यक्ष गेनाराम मेघवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष किशोर सिंह, महिपाल सिंह चारण, हकमाराम प्रजापत, हिम्मताराम मेघवाल, कानाराम दमामी,शंकरदान चारण, प्रमोद नामदेव सहितआदि मौजूद रहे।

ड्रोन व आतिशबाजी पर प्रतिबंध

जैसलमेर, (नि.सं.)। जैसलमेर में गुरुवार रात हुई पाकिस्तानी अटैक की घटना के बाद जिले में ड्रोन उड़ाने व आतिशबाजी करने पर जिला कलेक्टर प्रतापसिंह ने पाबंदी लगा दी है। अगर कोई ऐसा करते पाया जाता है तो उस पर कानूनी कार्रवाई करने के आदेश निकाले गए हैं।

कलेक्टर सिंह ने सभी ड्रोन कैमरों को अपने नजदीकी थानों में जमा करवाने के आदेश दिए हैं। आदेश के मुताबिक यूएवी, ड्रोन कैमरा, हॉट एयर बैलून आदि उड़ाने पर रोक रहेगी। यदि कोई ऐसा नहीं करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।

कलेक्टर ने आदेश में बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जैसलमेर जिले के संपूर्ण नगरीय और ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिबंध लागू किए हैं। आदेश के मुताबिक यूएवी, ड्रोन कैमरा, हॉट एयर बैलून आदि उड़ाने पर रोक रहेगी। यह निषेधाज्ञा केंद्र सरकार के सैन्य अथवा अर्ध सैनिक बलों और राज्य सरकार के पुलिस विभाग की ओर से सामरिक महत्व की गतिविधियों के संचालन पर लागू नहीं होगी। जिला कलेक्टर प्रताप सिंह ने किसी भी प्रकार के पटाखों और आतिशबाजी के क्रय, विक्रय और उपयोग पर प्रतिबंध लगाया है। यह आदेश संपूर्ण जैसलमेर जिले के लिए लागू होंगे। आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत नियमानुसार दंडित करने की कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होकर अगले आदेश तक प्रभावी रहेंगे।

नेत्र जांच शिविर आयोजित

रेवदर, (निसं)। रेवदर के समीपवर्ती ग्राम देरोल में ग्लोबल अस्पताल आबूरोड के द्वारा निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन चामुंडा माताजी के भक्त स्वर्गीय मंछानाथ गोस्वामी की स्मृति में नि:शुल्क शिविर का आयोजन किया गया। वरिष्ठ सदस्य गवरी बाई गोस्वामी द्वारा शिविर का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया।

जांच शिविर में नेत्र चिकित्सक ट्विंकल द्वारा जांच की गई जिसमें 60 मरीजों को जांच शिविर का लाभ मिला। मोतियाबिंद के मरीजों को ऑपरेशन के लिएग्लोबल हॉस्पिटल नेत्र संस्थान तलहटी आबूरोड भेजा। भामाशाह प्रकाशनाथ गोस्वामी एवम ग्रामवासी और ग्लोबल हॉस्पिटल टीम प्रभारी प्रवीण सिंदल ,पिन्टू मेघवाल,फरजाना बानो, अमरीन , वंजी बेन आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर देरोल रामपुरा जोलपूर मलावा वाडका आदि गांवों के लोगो ने भाग लिया।

राणा प्रताप की शौर्य गाथा गूंजी

पाली , (नि.सं.)। शुक्रवार को शूरवीर योद्धा महाराणा प्रताप की जयंती पर कृष्णा विद्या मंदिर उ. मा. विद्यालय व राईट चॉइस पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वाधान में अध्यापको व विद्यार्थियों ने पुष्प अर्पित किये व प्रधानाचार्य जयशंकर त्रिवेदी ने महाराणा प्रताप का बल व शौर्य गाथाओ का संक्षिप्त में वर्णन किया। कहा कि देश की सीमाओ को वीर योद्धा रात दिन एक करके अपने भारत को सुरक्षित रखे हुए है। जयेश शर्मा, वर्षा चांदानी, जोनिका, विनीता, राधिका, सुनिता, कंचन भारती, पूजा इत्यादि अध्यापक मौजूद थे।

सांचौर में आई.ए.एस. दिनेश विश्नोई का स्वागत किया

भारतीय प्रशासनिक सेवा में नव चयनित दिनेश विश्नोई हापूराम सहित कई अधिकारियों का स्वागत व अभिनंदन बालिका छात्रावास बी ढाणी रोड सांचौर में किया। फोटो-राष्ट्रदूत

सांचौर, (कासं)। भारतीय प्रशासनिक सेवा में नव चयनित दिनेश विश्नोई हापूराम बेनीवाल का अभिनंदन शुक्रवार को बालिका छात्रावास बी ढाणी रोड सांचौर में आयोजित किया गया।

अखिल भारतीय विश्नोई महासभा जिला सभा सांचौर के जिला प्रधान पूनमाराम विश्नोई ने बताया कि विश्नोई का पहली बार चयनित होने के बाद सांचौर आने पर स्वागत किया गया। दिनेश हापूराम विश्नोई हेमागुडा सांचौर के निवासी हैं। विश्नोई ने बताया कि उनकी प्रारम्भिक शिक्षा राजकीय प्राथमिक विद्यालय समेलाणियों की ढाणी गुडा हेमा से, कक्षा छठी राउप्रावि सालू की ढाणी से की। आगामी शिक्षा मुंबई से करने के बाद यूपीएससी की तैयारी करने दिल्ली चले गये । आपने इस दौरान अन्य विभिन्न परीक्षाएं भी दी लेकिन सफल नहीं हुए । असफलता से निराश होने की बजाय आगे बढना ही सीखा। वहीं निरंतर मेहनत करने की नसीहत से सफलता मिली। आईएएस दिनेश बेनीवाल ने अखिल भारतीय विश्नोई महासभा द्वारा नई दिल्ली स्थित बिश्नोई धर्मशाला संस्थान के सहयोग का जिक्र किया और आभार जताया । अपनी सफलता श्रेय प्रेरणाश्रोत अपने हापूराम बेनीवाल को माना । बालिका छात्रावास बी ढाणी सांचौर में आयोजित कार्यक्रम में 36 कौम के विद्यार्थियों को मोटिवेशनल स्पीच से तथा प्रशासनिक सेवा में चयनित होने के लिए अपने अनुभव साझा किया। वही मां अमृता देवी सर्किल से अमृता देवी स्टेच्यू पर माल्यार्पण कर जूलूस के साथ विश्नोई को छात्रावास तक ले जाया गया। उपस्थित समस्त महानुभावों ने साफा, माल्यार्पण, मोमेंटो से स्वागत किया । सभी विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्ग इस अवसर पर उपस्थित होकर अनुभव का लाभ प्राप्त किया समारोह में आईपीएस राजेन्द्र भादू, आईपीएस अविनाश चौधरी, आर ए एस संतोष विश्नोई का भी सांचोरी की धरती पर पहली बार आने पर स्वागत अभिनन्दन किया।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री सुखराम बिश्नोई , विश्नोई समाज के पंच भीखाराम सारण पुर, पांचाराम सारण,डॉ फूसा राम, मूलाराम डारा प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय सांचौर, रामलाल बेनीवाल, डॉ भूपेंद्र विश्नोई, जगदीश सारण , जिला सचिव महासभा सांचौर मनमोहन विश्नोई, हरीश पुरोहित सीलू अध्यक्ष संयुक्त व्यापार संघ, भंवर लाल सीबीईओ, अमृता देवी शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष रुडाराम ढाका,महासभा के पदाधिकारी गंगाराम पूनिया, लादू राम भादू,पार्षद बीरबल पूनिया, गणपत लाल बेनीवाल सहित अन्य ने बधाई और शुभकामना स्वरुप अपने विचार व्यक्त किये।

पुलिस कर्मियों को दिया प्रशिक्षण

पाली, (नि.सं.)। जिले में पुलिस लाइन हॉल परिसर में पाली जिला कलेक्टर एल एन मंत्री की उपस्थिति में जिला पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट द्वारा भारत पाकिस्तान तनाव को लेकर आपातकाल में घायलों का उपचार कैसे किया जाए, साथ ही प्रथम फर्स्ट एड कैसे प्रदान की जाए इसके लिए पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया।इस अवसर पर जिला कलक्टर मंत्री ने कहा कि तुरंत प्रभाव से घायलों को उपचार दिया जा सके भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच पाली जिले के आमजन एवं प्रशासन पूरी सजगता के साथ अलर्ट मोड पर है और रात को ब्लैकआउट कर सावधानी बरतने का आ ान भी किया जा रहा। इस अवसर पर अनुभवी चिकित्सकों द्वारा आपातकाल में दी जाने वाले फर्स्ट एड एवं चिकित्सा प्रशिक्षण के बारे में जवानों को जागरूक किया। प्रशिक्षु आईपीएस उषा यादव सहित पुलिस विभाग के अधिकारी कार्मिक मौजूद रहे।

जालोर के निकट सांफाडा स्थित माधव गौसंवर्धन गोशाला के तपोवन धाम सिद्ध पीठ पथमेड़ा के तपस्वी स्वास्तिक महाराज द्वारा घोर अग्नि तप किया जा रहा है। महाराज प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक गाय के कंडों अग्नि वलय के बीच लगातार तप साधना कर रहे हैं। प्रतिदिन शाम 6 से 7 बजे तक प्रवचन दिए जाते हैं। गौशाला संचालक प्रह्लाद गर्ग का कहना है कि महाराज ने लगातार पन्द्रह दिवसीय जल साधना कृष्णा नदी में रह कर की हुई है। फोटो-राष्ट्रदूत

पांच दिन से पेयजल आपूर्ति ठप्प

जालोर, (कासं)। जालोर जिला मुख्यालय पर नर्मदा पेयजल से सप्लाई बंद होने व विधुत बाधित होने से पेयजल आपूर्ति विगत पांच दिन से ठप होने से आमजन को परेशानी का सामना करना पड रहा ह।।

जालोर में जलदाय विभाग की उदासीनता के चलते पेयजल आपूर्ति ठप्प होने से आमजन को पानी के लिए तरसना पड रहा है। ऐसे में जिला प्रशासन भी पेयजल समस्याओं को लेकर गंभीर नजर नही आ रही है। शहर के किले की घाटी, भण्डारियों का वास, लाल पोल सहित शहर के विभिन्न कॉलोनियो में पेयजल आपूर्ति पांच दिन से नही होने से लोगों को टेंकरौं से पानी ऊँचे दामो में डलवाना पड रहा है। पानी की किल्लत के चलते लोगां को परेशानी का सामना करना पड रहा है। ऐसे में जलदाय विभाग को पेयजल समस्या हल करने को लेकर गंभीर नही है। पानी की आपूर्ति को लेकर जलदाय विभाग के अधिकारी भी संतोष प्रद जवाब देने की स्थिति में नहीं है।

कार्यालय नगर परिषद् जैसलमेर (राज.) 345001
क्रमांक/भूमि/2025-26/268 दिनांक - 08.05.2025
-:: प्रसारित नोटिस उजरदारी ::-
01. श्री जेठमल पुत्र स्व. श्री मूलचन्द 02 श्री शिवरतन पुत्र स्व. श्री मूलचन्द जाति माली निवासी किशनघाट तह. व जिला जैसलमेर द्वारा एक आवेदन - पत्र पेश कर निवेदन किया है कि आवासीय भूखण्ड संख्या 675 साईज 9 गुणा 19.5 मीटर कुल 175.50 वर्गमीटर वाके गांधी नगर आवासीय योजना, जैसलमेर जो की 01 श्रीमती जसोदा पत्नी स्व. श्री मूलचन्द जाति माली निवासी किशनघाट तह. व जिला जैसलमेर 02 श्रीमती पदमो देवी पुत्री स्व.श्री मूलचन्द, पत्नी श्री सवाईराम जाति माली निवासी नया बास, अमरसागर तहसील व जिला जैसलमेर से जरिये रजिस्टर्ड हकतर्क -नामा किया गया है । उक्त भूखण्ड का नामान्तरण 01 श्री जेठमल पुत्र स्व. श्री मूलचन्द 02 श्री शिवरतन पुत्र स्व. श्री मूलचन्द जाति माली निवासी किशनघाट तह. व जिला जैसलमेर द्वारा अपने नाम से दर्ज करवाना चाहता है । अतः इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / पार्टी को कोई उजर ऐतराज हो तो वह इस कार्यालय मे 7 दिवस के भीतर पेश करे अन्यथा बाद कोई उजर ऐतराज मान्य नही होगा तथा नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी । सूचित रहे ।
आयुक्त
नगर परिषद् जैसलमेर